हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 27 मार्च 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह से पेट्रोल पंपों...



10 राष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक कृषि मेले में आकर बताएंगे...



## खबर संक्षेप

### रघुवंशी समाज आज निकालेगा शोभायात्रा

**विदिशा।** रामनवमी पर रघुवंशी समाज द्वारा शुक्रवार को शाम 4 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का शुभारंभ रघुवंशी धर्मशाला, बस स्टैंड से होगा। शोभायात्रा नीमताल, हॉस्पिटल रोड, माधवगंज, कोतवाली मार्ग, तिलक चौक और बड़े बाजार से होकर पुनः धर्मशाला पहुंचेगी। आकर्षक झांकियां, भजन-कीर्तन एवं धर्म ध्वज विशेष आकर्षण रहेंगे। जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने अपील की है।

### नवरात्रि पूर्णाहुति पर गायत्री यज्ञ आज होगा

**विदिशा।** नवरात्रि साधना की पूर्णाहुति के पावन अवसर पर पंचकुण्डीय गायत्री यज्ञ का आयोजन शुक्रवार को गायत्री प्रज्ञापीठ, स्वर्णकार कॉलोनी में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। यज्ञ के अंतर्गत पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, विद्यारंभ एवं दीक्षा सहित विभिन्न संस्कार निःशुल्क सम्पन्न कराए जाएंगे। कार्यक्रम के पश्चात सभी श्रद्धालुओं के लिए यज्ञ प्रसाद स्वरूप भोजन व्यवस्था रहेगी। गायत्री परिवार ने नगर एवं आसपास के श्रद्धालुओं से सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

### भव्य मूलनायक वेदी व शिखर शिलान्यास महोत्सव 28-29 को

**विदिशा।** अरिहंत विहार स्थित श्री नेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर 28-29 मार्च को मूलनायक वेदी शिलान्यास, शिखर शिलान्यास एवं रत्नत्रय विधान महोत्सव आयोजित होगा। 28 मार्च सुबह 7 बजे कलश घट व जिनवाणी शोभायात्रा निकलेगी। ध्वजारोहण, पूजन, रत्नत्रय विधान, प्रवचन व शिलान्यास विधि संपन्न होंगे। बाल ब्र. पं. अभिनंदन खनियांधाना, पं. सुनील धवल भोपाल, पं. डॉ. वीरसागर दिल्ली व पं. डॉ. मनीष मेरठ का सानिध्य रहेगा।

### सम्राट अशोक जयंती उत्साह से मनाई गई

**ग्यारसपुर।** कुशवाह शिवालय में सम्राट अशोक की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सम्राट अशोक के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर की गई, जिसके बाद उपस्थित जनों ने उनके जीवन और आदर्शों को याद किया। वक्ताओं ने बताया कि सम्राट अशोक ने अखंड भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कलिंग युद्ध के बाद उनके जीवन में बड़ा परिवर्तन आया। कार्यक्रम में अभा कुशवाह महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह, पूर्व जिलाध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह, जप सदस्य मनीराम कुशवाह वरिष्ठ समाजसेवी भगवान सिंह कुशवाह, पूर्व सरपंच लीलाधर कुशवाह आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, केसीसी की अंतिम तिथि बढ़ाने सहित कई मांगें उठाईं

# कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, कृषि सामग्री टैक्स-फ्री करने की अपील, समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग



**विदिशा।** किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन देने एकजुट होकर पहुंचे कांग्रेसी।

**किसान कांग्रेस ने प्रशासन को उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

किसान कांग्रेस ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन किसानों की विभिन्न समस्याओं और हाल ही में प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान के संबंध में था। जिला किसान कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में दिए गए इस ज्ञापन में किसानों की आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई गईं।

ज्ञापन में प्रमुख मांग सहकारी ऋण (केसीसी) जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने की है। किसान नेताओं ने बताया कि वर्तमान में ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च है। हालांकि, किसानों की फसल अभी पूरी तरह से घर नहीं पहुंची है और 1 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होनी है। इस स्थिति में किसान समय पर ऋण चुकाने में असमर्थ हैं, इसलिए अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अप्रैल करने की मांग की गई है।

ज्ञापन में डीजल और आवश्यक कृषि सामग्री को टैक्स-फ्री करने की मांग भी शामिल है। हाल ही में हुई बारिश और ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का तत्काल सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने तथा फसल बीमा राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया है। किसान कांग्रेस ने यह भी मांग की है कि गेहूं की सरकारी खरीद 4 हजार प्रति क्विंटल की दर से सुनिश्चित की जाए। इसका उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी और विनीत दांगी ने बताया कि जिले के किसानों की स्थिति लगातार चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई ओलावृष्टि और बारिश से फसलों को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन कई क्षेत्रों में अभी तक सर्वे नहीं हो पाया है। उन्होंने किसानों को जल्द राहत प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान समय रहते नहीं किया गया, तो किसान कांग्रेस उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। उन्होंने कहा कि इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने एकजुट होकर अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाया।

### सोसाइटी ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक बढ़े



**ग्यारसपुर।** गुरुवार को किसानों ने एसडीएम शशि मिश्रा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा ज्ञापन सौंपा। जिसमें किसानों ने वर्तमान हालात को गंभीर बताते हुए त्वरित समाधान की मांग की है। किसानों का कहना है कि प्राकृतिक आपदाओं, विशेषकर हाल ही में हुई बारिश और ओलावृष्टि से उनकी फसलें प्रभावित हुई हैं, जिससे आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई है। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में सोसाइटी ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक बढ़ाने, सोयाबीन तेल को टैक्स फ्री श्रेणी से हटाने, फसल नुकसान का सर्वे कराकर शीघ्र मुआवजा देने तथा गेहूं की सरकारी खरीदी 4000 प्रति क्विंटल करने की मांग शामिल है। किसानों ने शासन से जल्द सकारात्मक निर्णय लेकर राहत प्रदान करने की अपील की है। ज्ञापन देने वालों में जनपद उपाध्यक्ष प्रीति शंकर दयाल शर्मा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गजराज सिंह कुशवाह, किसान कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लाल लोधी, जनपद सदस्य अनीश खान, जीवन लाल शर्मा, लीलाधर कुशवाह, आकाश मीणा, रघुवीर सिंह ठाकुर, निर्भर सिंह लोधी, जगन्नाथ अहिरवार, टीकाराम, आकाश यादव, नेतराम मीणा खुमान सिंह चौहान राम हरी मीणा शामिल रहे।

## भगवान राम पर टिप्पणी करने वाले को जमानत मिलने से रघुवंशी समाज में आक्रोश

**रासूका की कार्रवाई के लिए हर तहसील में प्रदर्शन आज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जनवरी माह में भीम आर्मी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मंच से भगवान श्रीराम की निंदा करने वाले आरोपी को जमानत दिए जाने के विरोध में प्रदर्शन हुआ।

रघुवंशी समाज के जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने बताया कि 5 जनवरी को सिरोंज थाने में भगवान की निंदा और अभद्र टिप्पणी करने के मामले में दीपक बौद्ध पर मामला दर्ज किया गया था। रघुवंशी समाज ने जिलेभर में प्रदर्शन कर आरोपी की गिफ्तारी और सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग रखी थी, लेकिन प्रशासन की लापरवाही से आरोपी को न्यायालय से जमानत मिल गई। इसके बाद सिरोंज पुलिस ने 151 के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया तो सिरोंज अनुविभागीय न्यायालय से उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। यह जानकारी लगते ही रघुवंशी समाज में जमकर आक्रोश भड़क गया। समाज के युवाओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए आरोपी को जमानत दिए जाने का विरोध जताया। समाज के जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने चेतावनी दी है कि आरोपी के खिलाफ यदि रासूका के तहत कार्रवाई नहीं की गई तो समाज के द्वारा रामनवमी के अवसर पर जिलेभर में तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।

## जल्द सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू याचिका दायर करेगा राज्य कर्मचारी संघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षक पात्रता परीक्षा से जुड़े प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू याचिका दायर करने के संबंध में वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा से विस्तृत विचार-विमर्श किया।

चर्चा के बाद विवेक तन्खा ने संघ की ओर से याचिका दायर करने सहमति दी। शीघ्र ही मप्र राज्य कर्मचारी संघ के नाम से रिव्यू याचिका दायर की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव ने बताया कि इस मुद्दे पर सरकार से भी लगातार संवाद जारी है। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर भी कानूनविदों से परामर्श लिया जा रहा है और सरकार का रुख शिक्षक संवर्ग के प्रति सकारात्मक है।

## इस बार 3 जुलाई को रवाना होगा अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था

**पंचतरणी में 35वां भंडारा, 30 जून से 25 अगस्त तक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

श्री अमरनाथ मणिमहेश सेवा मंडल द्वारा वर्ष 2026 की अमरनाथ यात्रा की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। समिति पिछले 35 वर्षों से श्रद्धालुओं को यात्रा कराते हुए सेवा कार्य में सक्रिय है।

संस्था के अनुसार प्रथम जत्था 3 जुलाई को ट्रेन संख्या 12919 मालवा एक्सप्रेस से रवाना होगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बाबा बर्फानी के दर्शन के साथ माता वैष्णो देवी के भी दर्शन कराए जाएंगे। हर वर्ष की भांति इस बार भी पंचतरणी में 30 जून से 25 अगस्त तक 35वां भंडारा आयोजित किया जाएगा, जिसमें भोजन, पानी, ठहरने सहित सभी आवश्यक सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी। 25 मार्च को राय सदन में पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें समिति पदाधिकारी व शिवभक्त उपस्थित रहे। इस अवसर पर पंकज राय, विवेक राय, महेंद्र यादव, अलोक प्रजापति , राम साहू , राहुल बघेल, लकी, रवि राय, नितिन कपूर, मनीष मिश्रा,सहित अनेक शिवभक्त उपस्थित रहे।

इच्छुक श्रद्धालुओं से समय रहते मेडिकल जांच व पंजीकरण कराने की अपील की गई है।

### लक्ष्मी शाक्य को विधायक ने लैपटॉप दिया

**विदिशा।** रायपुरा में विधायक मुकेश टंडन ने दिव्यांग छात्रा लक्ष्मी शाक्य को उच्च शिक्षा के लिए लैपटॉप प्रदान किया। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा सशक्त समाज की आधारशिला है और हर प्रतिभावान बच्चे को आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। लक्ष्मी शाक्य ने भावुक शब्दों में आभार व्यक्त करते हुए बताया कि जब श्री टंडन नगर पालिका अध्यक्ष थे, तब उन्होंने उनकी संगीत प्रतिभा निखारने के लिए हारमोनियम उपलब्ध कराया था। अब लैपटॉप देकर उनके शैक्षणिक भविष्य को नई दिशा दी है। इस अवसर पर दुर्गा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान, बेस नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह एवं पार्षद प्रतिनिधि गोलू चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षा और बेटियों के सशक्तीकरण का संदेश प्रमुख रूप से उभरा।



## फीस जमा न होने से परेशान थे विद्यार्थी एबीवीपी ने प्राचार्य कक्ष में नारेबाजी की

**टेक्निकल फॉल्ट से चार दिन से परेशान थे दूर-दराज के छात्र**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

- विधानसभा क्षेत्र का एकमात्र सरकारी कॉलेज आसपास के सैकड़ों छात्र अध्ययनरत हैं।



शासकीय कॉलेज में फीस जमा करने में आ रही तकनीकी समस्या को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की कुरवाई इकाई ने प्रदर्शन कर दिया। पिछले चार दिनों से दूर-दराज के गांवों से आने वाले छात्र महाविद्यालय पहुंच रहे थे, लेकिन 'टेक्निकल फॉल्ट' बताकर उन्हें बार-बार लौटा दिया जा रहा था। इससे छात्रों को दिनभर भूखे-प्यासे इंतजार करना पड़ रहा था और उनकी पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई थी।

फीस जमा न हो पाने से विद्यार्थियों में चिंता का माहौल था। समस्या को गंभीरता से लेते हुए एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कॉलेज परिसर में प्रदर्शन कर प्राचार्य कक्ष का घेराव किया और घंटों नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने संबंधित अधिकारियों से तत्काल समाधान की मांग की। आंदोलन के बाद प्रशासन हरकत में आया और तकनीकी खामी दूर कर फीस जमा कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। एबीवीपी नगर मंत्री वेदांत जैन ने कहा कि छात्र हित सर्वोपरि हैं और भविष्य में ऐसी समस्याएं दोबारा न हों, इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की है। समस्या के समाधान के बाद छात्रों में खुशी देखी गई। उन्होंने एबीवीपी का आभार जताते हुए कहा कि उनकी आवाज को तुरंत सुना गया। आंदोलन में अभिजीत सप्रे, सत्यजय मांझी, कुलदीप राजपूत और प्रदीप सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शॉर्ट सर्किट: 12 बीघा की फसल जलकर राख, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



जतरापुरा क्षेत्र में शॉर्ट सर्किट के कारण एक खेत में खड़ी फसल में भीषण आग लग गई। इस घटना में लगभग 12 बीघा फसल जलकर राख हो गई, जिससे किसान को लाखों का नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर दमकल विभाग और स्थानीय लोगों ने मिलकर आग पर काबू पाया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते खेत का एक बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ गया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। पास के खेतों में काम कर रहे किसानों और खेत मालिक आसिफ ने तुरंत ट्रैक्टरों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दमकल विभाग को सूचना दी। स्थानीय लोगों और दमकल टीम के संयुक्त प्रयासों से आग पर नियंत्रण पा लिया गया, लेकिन तब तक करीब 12 बीघा क्षेत्र में खड़ी फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी। कुल 15 बीघा खेत में से मात्र 3 बीघा फसल ही बच पाई। पीड़ित किसान आशिफ के अनुसार, इस आगजनी में उन्हें लगभग ढाई से तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि शॉर्ट सर्किट होते ही धुआं उठने लगा और कुछ ही देर में आग तेजी से फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार प्रीति पंथी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने पटवारी के साथ मिलकर नुकसान का आकलन किया।

### खाली मकान से स्कूटी चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**विदिशा।** पूरनपुरा लालधाऊ में बीती रात अज्ञात चोरों ने मकान के बाहर खड़ी एक स्कूटी चुरा ले गए। मकान डॉक्टर संतोष जाट और उनकी पत्नी का था, जिनका कुछ समय पहले निधन हो चुका है। उनकी दोनों बेटियां अनाथ आश्रम में रह रही हैं, जिसके कारण मकान लंबे समय से खाली था। चोरों ने इसी सुनसान स्थिति का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया। चोरी की यह पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। घटनास्थल पर अभी भी एक लावारिस कार और एक अन्य स्कूटी खड़ी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

### 24 घंटे में आरोपी को किया गिरफ्तार

**विदिशा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। 23 मार्च को फरियादी अभिषेक दांगी निवासी सांई एनक्लेव कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अभय चौरसिया ने आपसी विवाद में गर्दन पर ब्लेड से वार कर जान से मारने की कोशिश की और गालियां दीं। पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को दबोच लिया।






## नरवाई जलाने वालों पर होगी दंडात्मक कार्रवाई, प्रति एकड़ अर्थदंड देना होगा

**पानी की टंकी, मोटर, पाइप एवं अग्निशामक यंत्र रखना होगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अंशुल गुप्ता ने जिले में नरवाई (पराली) जलाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है।

आदेश के अनुसार विदिशा जिले की भौगोलिक एवं राजस्व सीमा में कोई भी व्यक्ति या भूमिस्वामी फसल कटाई के बाद खेत में शेष डंठलों को साफ करने के लिए आग नहीं लगा सकेगा। उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 223 के अंतर्गत इसे दंडनीय अपराध माना जाएगा और संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

कृषि उप संचालक केएस खपेड़िया ने अवगत कराया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रबी फसल के डंठल जलाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इससे आसपास के गांवों में वन संपदा, जीव-जंतु एवं जनसंपत्ति को नुकसान पहुंचने का खतरा बना रहता है। खलिहानों से गुजर रही विद्युत लाइनों में स्पार्किंग के कारण भी आग फैलने की आशंका रहती है। साथ ही मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरक क्षमता घटती है।

### पर्यावरणीय मुआवजा (प्रति घटना अर्थदंड)

- 2 एकड़ से कम भूमि – 2,500
- 2 से 5 एकड़ तक – 5,000
- 5 एकड़ से अधिक – 15,000

### सुरक्षा उपाय अनिवार्य

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि हार्वेस्टर, रीपर या रीपर कम बाइंडर के उपयोग के बाद थ्रेसिंग के समय पानी की टंकी, मोटर, पाइप एवं अग्निशामक यंत्र रखना अनिवार्य होगा। हार्वेस्टर पर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम लगाया जाना तथा संबंधित तहसीलदार या थाना स्तर पर पंजीयन कराना भी जरूरी किया गया है। प्रशासन ने अपील की है कि वैकल्पिक साधनों का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें।

## खबर संक्षेप

### कई घंटों तक बिजली प्रदाय रहा बंद

**गंजबासौदा।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा गुरुवार को शाम के समय नगर के अलग अलग क्षेत्रों में बगैर सूचना के बिजली प्रदाय बंद कर दिया गया। जिससे उपभोक्ताओं को गर्मी के बीच बगैर पंखा, कूलर के एवं अंधेरे में देर तक समय निकालना पड़ा। विद्युत उपभोक्ताओं ने बताया कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रतिदिन किसी न किसी वार्ड में बिजली की अघोषित कटौती की जाती है। इसके अलावा मैंटेंनेंश के नाम पर भी घण्टों तक बिजली प्रदाय बंद रखा जाता है। जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### बाइक-मोपेड भिड़ंत में युवक गंभीर

**गंज बासौदा।** गत दिवस कुल्हार-भर्री तिराहे पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहां बाइक और टीवीएस मोपेड की आमने-सामने भिड़ंत में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भर्री निवासी सुरेश नारायण शर्मा बंजरिया से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे कुल्हार-भर्री तिराहे के पास पहुंचे, सामने से तेज गति से आ रही बाइक ने उनकी मोपेड को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वे सड़क पर गिर पड़े, उन्हें गंभीर चोटें आईं। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तुरंत नगर के निजी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि उनके सिर और कान में गंभीर चोटें हैं। जिससे चलते उच्च उपचार के लिए शासकीय अस्पताल विदिशा रेफर किया गया।

### आदिवासी बस्ती में कपड़े भोजन वितरित किए



**गंजबासौदा।** आदिवासी बस्ती वाले ग्राम आकाडोडा और टपरा में विधायक हरि सिंह रघुवंशी और भाजपा नेताओं ने आदिवासी बच्चों को स्कूल बैग और कपड़े वितरित किए गए तो स्कूल बैग पाकर कई बच्चे भावुक हो गए। मौका था प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के जन्मदिन के अवसर का। मुख्यमंत्री के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए विधायक एवं भाजपा नेताओं ने बस्ती में 200 से अधिक आदिवासी परिवारों को विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने भोजन परोसा। इस अवसर पर सभी परिवारों को भोजन करवाकर कपड़े वितरित किए गए। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र सिंह रघुवंशी, हरिनारायण पलोड, सरपंच प्रतिनिधि शिवशरण सिंह रघुवंशी शेबू, राजू रघुवंशी, मोहन रघुवंशी, घनश्याम रघुवंशी, रामवीर गुर्जर, शुभम सिंह रघुवंशी, कुलदीप रघुवंशी, शुभम यादव, जितेंद्र रघुवंशी, दिनेश रघुवंशी, अजय यादव, शरद ताम्रकार, विनोद रघुवंशी, दिलीप रघुवंशी आदि उपस्थित रहे।

# गेहूं की फसल जलकर हुई राख, दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





गुरुवार को हतोड़ा गांव में गेहूं के खेतों में अचानक आग लग गई। इस आग में 14 बीघा फसल जलकर खाक हो गई। किसानों और स्थानीय प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग को और फैलने से रोका। दोपहर के 2:30 बजे आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और तेजी से खेतों में फैलने लगी। खेतों से उठते गहरे काले धुएं और लपटों को देखकर किसान तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस प्रशासन को सूचना दी। किसानों ने अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली से खेत को बखरना शुरू कर दिया ताकि आग आगे न बढ़े। साथ ही, हार्वेस्टर बुलाकर बची हुई फसल को काटने का काम भी शुरू किया गया। कुछ समय बाद फायर ब्रिगेड की टीम भी आग बुझाने के लिए पहुंची। लगभग दो घंटे की मेहनत के बाद आग को नियंत्रित कर उसे पूरी तरह बुझा लिया गया। आग से प्रभावित किसानों में प्राण सिंह रघुवंशी की 7 बीघा, कल्याण सिंह रघुवंशी की 2 बीघा, जालम सिंह रघुवंशी की 2 बीघा और नारायण सिंह कुशवाहा की 3 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। किसानों का अनुमान है कि खेत से गुजर रही बिजली सप्लाई लाइन के तारों से निकली चिंगारी से आग लगी होगी। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो आसपास खड़ी लगभग 200 बीघा फसल भी जलकर नष्ट हो सकती थी, जिससे भारी नुकसान होने की संभावना थी।

### कई पेट्रोल पंपों पर देर रात तक लगी रही लंबी-लंबी कतारें

# पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह से पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा







नगर में गुरुवार को पेट्रोल पंपों पर डीजल और पेट्रोल लेने के लिए लोगों की कतारें देखी गईं। पेट्रोल पंपों पर डीजल एवं पेट्रोल के खत्म होने की अपवाह फैलते ही ईंधन की कमी की आशंका से दोपहिया और चार पहिया वाहन चालक सुबह से ही पंपों पर पहुंचने लगे। जिसके चलते पेट्रोल पंपों पर बड़ी संख्या में नागरिक अपने दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों एवं पेट्रोल, डीजल लेने के लिए टंकियां लेकर पहुंचे। इस दौरान किसान भी अपने ट्रैक्टर और हार्वेस्टर के लिए बड़े-बड़े कैंपर में डीजल भरवाने के लिए पहुंच रहे हैं। उनका उद्देश्य समय रहते डीजल का भंडारण करना है ताकि आगामी खेती-किसानी के कार्यों में कोई समस्या न आए। पंप पर कतार में वाहन चालक अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए।

वाहन चालकों ने बताया कि उन्होंने पेट्रोल की कमी की अफवाह सुनी थी, जिसके बाद वे पंप पर पहुंचे। वहां काफी भीड़ थी और पेट्रोल पंप संचालक ने उनके दोपहिया वाहन में केवल 200 रुपये का पेट्रोल डालने की बात कही। वर्तमान में फसल कटाई का समय होने के कारण हार्वेस्टर और थ्रेसर जैसे कृषि उपकरणों में डीजल की खपत अधिक है। इस अत्यधिक आवश्यकता के कारण किसान भी बड़ी मात्रा में डीजल का भंडारण करने में जुटे हुए हैं। इस दौरान पेट्रोल पंप संचालकों ने बताया कि डीजल पेट्रोल की कमी नहीं है लेकिन उपभोक्ता आगामी संकट की आशंका से आवश्यकता से अधिक भंडारण में लगे हैं, जिससे मांग और पूर्ति प्रभावित हो रही है। हांलाकि देर शाम तक कुछ पेट्रोल पंपों पर टैंकर आने से डीजल पेट्रोल की पूर्ति हो गई और फिर से लोगों को डीजल पेट्रोल उपलब्ध कराया जाने लगा। उधर नगर के पेट्रोल पंपों पर डीजल की कमी के चलते अनेक लोग बागरोद, अटारीखेजडा, हैदरगढ के पेट्रोल पंपों से टंकियों में डीजल भरवाकर लाते रहे।

इस संबंध में पेट्रोल पंप एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश राजपूत ने बताया कि गत दिवस तक नगर भर में नियमित मांग के अनुरूप पूर्ति बराबर हो रही थी। लेकिन सोशल मीडिया और अन्य स्त्रोतों से भ्रामक खबरें देखकर लोगों ने पेट्रोल और डीजल का दैनिक जरूरत के अलावा अतिरिक्त भंडारण भी शुरू कर दिया। जिससे पेट्रोल पंपों पर भीड़ बढ़ गई और नए टैंकर आने से पहले ही पेट्रोल पंपों का स्टाक खत्म हो गया। इसी कारण गुरूवार को दोपहर में कई पेट्रोल पंपों पर डीजल पेट्रोल का स्टाक खत्म हो गया था। जिससे पेट्रोल पंपों को बंद करना पडा। इस स्थिति में नायरा, बालाजी और रिलायंस पेट्रोल पंप गुरूवार की रात तक पूरी तरह बंद रहे। जबकि शेष पेट्रोल पंपों पर शाम को टैंकर आने से डीजल पेट्रोल की आपूर्ति हो गई और इन पंपों से उपभोक्ताओं को डीजल पेट्रोल वितरण शुरू हो गया। पेट्रोल पंप एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश राजपूत और अन्य पंप संचालकों ने अपील की है कि किसी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें, पेट्रोल डीजल की कमी नहीं है और लोग अधिक मात्रा में अतिरिक्त भंडारण करने से बचें। उपभोक्ताओं को उनकी नियमित जरूरत के हिसाब से पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल डीजल मिलता रहेगा।।

## नौलखी तपोवन आश्रम में हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को नौलखी तपोवन आश्रम की पावन भूमि पर भारतीय सनातन परंपरा के मूल मंत्र "अतिथि देवो भवः" को आत्मसात करते हुए, श्री भक्तमाल कथा के शुभ एवं पुण्य अवसर पर पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकार बंधुओं का सम्मान किया गया। इस दौरान आश्रम परिवार द्वारा प्रसादी की व्यवस्था की गई। साथ ही भागवत चिंतन सेवा मिशन द्वारा सभी का विशेष सम्मान किया गया। मिशन के प्रमुख डॉ अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने कहा कि पत्रकार बंधुओं का आश्रम के प्रति सतत सहयोग, स्नेह एवं सकारात्मक सहभागिता हमारे लिए अत्यंत प्रेरणास्त्रोत रही है। इसी कृतज्ञ भावना के साथ भविष्य में भी मार्गदर्शन एवं सान्निध्य प्राप्त होता रहेगा।

## विश्व शांति के लिए हुआ पांच कुण्डीय गायत्री यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गायत्री परिवार शाखा गंजबासौदा द्वारा गायत्री यज्ञ की श्रृंगला चलाई जा रही है। एक पांच कुंडी यज्ञ ग्राम खजुरिया जागीर में किया गया। जबकि दूसरा यज्ञ साकेत नगर मुगदल साहब वाली गली में मधु राकेश पांडे मुख्य यजमान के सानिध्य में किया गया। जिसमें विश्व शांति की भावना से बहुत सारी आहुति गायत्री मंत्र और अन्य वैदिक मंत्रो की डाली गई। उक्त अवसर पर क्षेत्र और त्योदा कुरवाई के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। जिला समन्वयक मुकेश तिवारी ने जिले की कार्य योजना बताई और ये कहा कि इस साल पूरे जिले मे पांच कुंडीय यज्ञ करना है। एक तहसील मे आठ यज्ञ करना है। सभी कार्यकर्ता इस लक्ष्य को पूरा करने में कमर कस लें और गुरु देव के सपने मनुष्यो मे देवत्व पृथ्वी पर स्वर्ग लाने हेतु उनके दिखाये हुए मार्ग पर चलें। आपस के भेदभाव खत्म कर धर्म रक्षा हेतु संगठित हो। उक्त अवसर पर तहसील समन्वयक श्याम सुंदर माथुर, प्रज्ञा पीठ अध्यक्ष पूनम तिवारी, अन्य ट्रस्टी संगीता शर्मा, सुनीता माथुर, हेमलता कुशवाह, सूरज सिंह परिहार ,श्याम रघुवंशी ,जयराम अहिरवार मौजूद थे। यज्ञ संचालन वसंत पाण्डेय परिव्राजक ने बहुत ही सुन्दर तरीके से समय का ध्यान रखते हुए किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे गोविंद माथुर, सुरेश सैनी, वेदप्रकाश खरे, मुकेश पांडे, राकेश भारद्वाज, सुधा भारद्वाज, केएस पाल, पुष्पा पाल, नारायण सिंह दांगी, निर्मला दांगी, साधना सैनी, मुन्ना लाल अहिरवार आदि का सहयोग रहा। मुख्य यजमान मधुलता राकेश पाण्डेय द्वारा सभी भक्तो को फलाहार करवाया गया।




## नाबालिग बालिका को परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व में ऑपरेशन मुस्कान के तहत विशेष टीम गठित कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। दिनांक 19.02.2026 को फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी 14 वर्ष 06 माह की नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। जिस पर धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में गठित पुलिस टीम द्वारा भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार तलाश-पतारसी की गई। पुलिस के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप दिनांक 26 मार्च 2026 को नाबालिग बालिका को गंजबासौदा रेलवे स्टेशन से सकुशल दस्तयाब किया गया। तत्पश्चात बालिका के न्यायालय में कथन कराए जाकर उसे सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया गया। उक्त कार्रवाई में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया, राधेश्याम यादव, शिवप्रताप, पवन यादव, शिवानी मिश्रा की विशेष सराहनीय भूमिका रही।

## पुण्यतिथि के अवसर पर डेड बॉडी फ्रीजर भेंट किए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को नगर के काशीराम त्रिवेदी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके परिवार द्वारा दो डेड बॉडी फ्रेजर भेंट किए गए। जिसमें एक सकल जैन समाज एवं दूसरा चेतना सेवा समिति को दिया गया है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, समाज सेवी विमलचंद ओसवाल, अशोक अग्रवाल, दिलीप देसाई, विनीत तिवारी, दिनेश दंडोतिया सहित परिवारजन उनके पुत्र नागेश त्रिवेदी, योगेश त्रिवेदी आदि नागरिक मौजूद रहे।

### न्यायाधीश ने चार-चार हजार का अर्थदंड भी लगाया

# मारपीट के पांच दोषियों को 5-5 वर्ष की सजा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राकेश कुमार ठाकुर प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा छोटे लल्ला खां और उसके साथियों को मारपीट के आरोप में 5-5 वर्ष की सजा एवं 4000-4000 रूपये का जुर्माना किया है। शासकीय अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा बताया गया कि दिनांक 21/04/2021 को दोपहर एक बजे फरियादी मुश्ताक खान ने थाना शमशाबाद उपस्थित होकर बताया कि ग्राम ईस्लामनगर बबचिया में रहता हूँ एवं खेती किसानी करता हूँ।

मेरा ग्राम के ही छोटे लल्ला खां एवं उसके परिवारजन से पूर्व से खेती किसानी का विवाद चल रहा है छोटे लल्ला खां एवं अजरूद्दीन खां ने मेरे खेत में कल गिट्टी रेत पटक दी थी मैंने उनसे कहा कि मेरे खेत में रेत गिट्टी क्यों पटक दी तो वह खेत से भाग गए और आरोपीगण ने मेरे खेत में जबरदस्ती प्लाऊ चला दिया। उक्त बात पर से मैंने छोटे लल्ला खां से कहा मेरे खेत में प्लाऊ क्यों चलाया तो इसी बात पर से मुझे सानू खां, अजरुद्दीन खान, नसरुद्दीन खान, हाथ में डंडा फरसा लेकर आए मुझे मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देकर कहने लगे कि खेत हमारा है, मैंने मना किया तो अजरुद्दीन ने मुझे डंडा मारा जो मेरे सिर में लगा इतने में मेरा लड़का अमीनुद्दीन खान एवं अब्बास खान मुझे बचाने आए तो नजरुद्दीन ने मेरे लड़का अमीनुद्दीन को फर्सा से मारा जो सिर में घातक चोट होकर खून निकलने लगा और आरोपी फूला खां ने फर्से से मेरे लड़के अब्बास खान को मारा जो उसके पैर में लगा और सभी आरोपी गण ने लाठी डंडे से हम सब लोगों के साथ मारपीट की। घटना का बीच बचाव अजीत खान एवं मुजाहिदीन खा ने किया और उन्होंने संपूर्ण घटना देखी है। उक्त बात की रिपोर्ट फरियादी द्वारा शमशाबाद पुलिस थाना में धारा 307, 326, 324, 323 ,294, 506, 34,148, 149 भादंवि का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया, संपूर्ण विवेचना उपरांत न्यायालय में पेश किया गया।

राकेश कुमार ठाकुर प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा सभी चक्षुदर्शी साक्षी एवं आहतगण के बयान के बाद शासकीय अधिवक्ता के तर्कों एवं बहस से सहमत होते हुए निर्णय दिनांक 25/03/2026 को आरोपी छोटे लल्ला खां, शानू खां, नजरूद्दीन खां, अजरूद्दीन खां, फूला खां को धारा 326, 323, 324, 147, 148, 149 में 5-5 वर्ष का कारावास एवं 4000-4000 रुपए अर्थदण्ड से दंडित किया गया। अभियोजन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक सुरेंद्र सिंह राजपूत ने की एवं उक्त प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक लक्ष्मण डाबर द्वारा की गई। प्रकरण के शीघ्र निराकरण हेतु कोर्ट मोहर्रिर आरक्षक रीतेश तिवारी का कार्य सराहनीय रहा।

# संसार का मोह क्षणिक, भक्ति ही सच्चा मार्गः डॉ शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



संसार के रिश्ते और आकर्षण स्थायी नहीं होते, बल्कि सच्चा सुख केवल ईश्वर भक्ति, सेवा और प्रेम में ही निहित है। जब मनुष्य को इस सत्य का बोध होता है कि उसके भीतर वास्तविक वैराग्य का उदय होता है। यही वैराग्य उसे भीतर से झकझोरता है और जीवन के वास्तविक उद्देश्य की ओर अग्रसर करता है। मनुष्य अक्सर जिन संबंधों और सुखों को स्थायी मान लेता है, वही समय के साथ बदल जाते हैं। अमर फल की कथा इसी सत्य को उजागर करती है, जिसमें राजा से रानी, रानी से गायक और फिर उसकी प्रिय तक पहुंचा फल अंततः वापस राजा के पास आ जाता है। यह घटनाक्रम यह दर्शाता है कि संसार का प्रेम प्रायः स्वार्थ और आकर्षण पर आधारित होता है, जो परिस्थितियों के साथ परिवर्तित हो जाता है। उक्त उद्गगार वेत्रवती तट स्थित श्री नौलखी तपोवन आश्रम में भगवान जगन्नाथ एवं प्रभु सीताराम के द्वितीय पाटोत्सव के मौके पर आयोजित हो रही श्री भक्तमाल कथा के छठवें दिवस भारत राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित भागवताचार्य ज्योतिषाचार्य डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने भक्तमाल की महिमा का अपने श्रीमुख से अमृतमयी वाणी में प्रवाहित करते हुए व्यक्त किए। पाटोत्सव में मूडरीधाम के महंत परशुराम दास, महंत जगमोहन दास , ओंकार दास, परमहंस मौजूद रहे। आश्रम की ओर से महंत श्री महंत राम मनोहर दास जी महाराज ने संतों का शाल श्रीफल से सम्मान किया।

अपने उद्बोधन में कथावाचक डॉ शास्त्री ने कहा कि जब तक मनुष्य बाहरी सुखों और संबंधों में उलझा रहता है, तब तक वह सच्चे आनंद और शांति से दूर रहता है। लेकिन जैसे ही उसे यह अनुभूति होती है कि यह संसार परिवर्तनशील है और यहां का प्रेम भी अधिकतर स्वार्थ पर आधारित होता है, तभी उसके भीतर भगवान की ओर मुड़ने की प्रेरणा जागृत होती है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि अमर फल की कथा केवल एक कहानी नहीं, बल्कि जीवन का दर्पण है। यह हमें दिखाती है कि जिस प्रेम को हम अंतिम सत्य मान लेते हैं, वह समय और परिस्थिति के साथ बदल जाता है। इस सत्य का अनुभव होने पर मनुष्य के भीतर एक नई चेतना जन्म लेती है, जो उसे भक्ति, सेवा और साधना की ओर प्रेरित करती है।

कथावाचक ने भक्तों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में सेवा, भक्ति और सच्चे प्रेम को स्थान दें। उन्होंने कहा कि सेवा से मन निर्मल होता है, भक्ति से आत्मा को शांति मिलती है और सच्चा प्रेम मनुष्य को ईश्वर के और निकट ले जाता है। यदि जीवन में इन तीनों का समावेश हो जाए, तो मनुष्य का जीवन सार्थक बन सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि केवल कथा सुनना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसमें बताए गए संदेशों को जीवन में उतारना ही वास्तविक साधना है। कथा में नारायण दास जी और नाभादास जी के चरित्र का सुंदर वर्णन किया गया। बेतवा को निर्मल और स्वच्छ रखना भक्ति के समान है। श्री नौलखी तपोवन आश्रम, वेत्रवती तट पर चल रही श्री भक्तमाल कथा के दौरान कथावाचक डॉ. शास्त्री जी ने बेतवा नदी की महिमा का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया।

## खबर संक्षेप



### रूसल्ला में अवैध मुरम जब्त, दो पर कार्रवाई

**विदिशा।** ग्राम रूसल्ला में प्रशासन ने अवैध रूप से जमा किए गए मुरम मिट्टी के बड़े स्टॉक पर सख्त कार्रवाई की है। नायब तहसीलदार निधि लोधी के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध भंडारण को जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार नीरज श्रीवास्तव की निजी भूमि पर बड़ी मात्रा में मुरम मिट्टी का स्टॉक पाया गया, जिसे विनोद दांगी द्वारा जमा किया गया था। बताया जा रहा है कि विनोद दांगी ने अपने खेत में तालाब खुदाई की अनुमति ली थी, लेकिन निर्धारित सीमा से अधिक खुदाई कर अवैध रूप से मिट्टी का भंडारण किया गया। जांच में मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्टॉक जब्त कर लिया। आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए खनिज विभाग को पत्र भेजा जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियम विरुद्ध खनन या भंडारण पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### पाइप लाइन फूटी, दो दिन से जल सप्लाई ठप

**विदिशा।** रामद्वारा क्षेत्र में अमृत-2 योजना के तहत नई पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए की जा रही खुदाई के दौरान पुरानी चालू पाइपलाइन फूट गई। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से सड़क पर लगातार पानी बह रहा है। इसका असर ब्लॉक कॉलोनी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति पर पड़ा है, जहां पिछले दो दिनों से जल सप्लाई बंद है। स्थानीय ऑटो चालकों और रहवासियों ने बताया कि पानी नहीं मिलने से दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। तीन दिन से मरम्मत कार्य पूरा नहीं होने पर लोगों ने नगर पालिका से शीघ्र सुधार करने की मांग की है।

## दिगंबर जैन पचखनी नया मंदिर में शांतिधारा अभिषेक एंव शांति विधान

# शांति धारा करने व देखने से वातावरण में होता है सकारात्मक ऊर्जा का संचार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पचखनी नया मंदिर में गुरूवार को मुनि श्री 108 निरंजन सागर महाराज के सांदिध्य में शांतिधारा अभिषेक एंव शांति विधान किया गया। इस अवसर पर मुनि श्री 108 निरंजन सागर महाराज के छायाचित्र श्रद्धालुओं द्वारा तैयार किया गया था जिसका विमोचन किया गया। वही मुनि श्री 108 निरंजन सागर महाराज ने शांधि धारा का महत्व बताते हुए कहा कि यह केवल जल चढ़ाने की क्रिया नहीं, बल्कि एक प्राचीन और मंगलकारी अनुष्ठान है। शांति धारा का अर्थ है 'शांति की धारा'। यह लोक कल्याण और जगत में शांति की कामना के लिए जिनेन्द्र भगवान के अभिषेक के रूप में की जाती है। यह एक अत्यंत प्राचीन परंपरा है। इसका सबसे प्राचीन उल्लेख 'आदि पुराण' में मिलता है,जब भरत चक्रवर्ती ने अरिष्टि के निवारण के लिए भगवान का अभिषेक किया था। शांति मनुष्य के पास नहीं, प्रभु की शरण में मिलेगी। इसलिए, शांति की कामना के लिए की गई धारा का नाम ही 'शांति धारा' है। शांति धारा करने और देखने से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और यह हमारे जीवन में सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और शांति की वृद्धि करती है। यह क्रिया मन, वचन और काया की शुद्धि का साधन है। विशेष मंत्रों और श्रद्धा के साथ किया गया अभिषेक आत्मिक शांति की शीतल अनुभूति देता है। साथ ही भाव भक्ति का महत्व मंत्रों के अर्थ जानने से ज्यादा, उन्हें श्रद्धा के साथ उच्चारण करने या उनकी अनुमोदना करने से बड़ा फल मिलता है।

### सच्चे सुख व शांति की प्राप्ति

वही उन्होने बताया कि जैन धर्म में भगवान का अभिषेक और शांतिधारा करना अत्यंत मंगलकारी, पवित्र और पुण्यवर्धक क्रिया मानी गई है। शास्त्रों के अनुसार, श्रद्धापूर्वक किया गया अभिषेक और शांतिधारा न केवल मानसिक शांति प्रदान करते हैं, बल्कि जीवन के दुख-दर्द और कष्टों को भी दूर करने में सहायक होते हैं। जिनाभिषेक को 'पाप प्रक्षालन' यानी पापों को धोने वाली क्रिया माना जाता है। जब हम भगवान का अभिषेक करते हैं, तो हमारे भावों में विशुद्धि आती है, जो हमारे पूर्व संचित पापों को काटती है। शांतिधारा के माध्यम से भगवान की मूर्ति पर जल की निरंतर धारा प्रवाहित की जाती है और मंत्रों का जाप किया जाता है, जो शारीरिक व मानसिक पीड़ा, रोगों, दरिद्रता और अशांति को दूर करने में सहायक होता है। यह अनुष्ठान वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और जीवन की बाधा दूर करता है। शांतिधारा की परंपरा बहुत प्राचीन है, जिसका उल्लेख आदिपुराण में भी मिलता है, जब भरत चक्रवर्ती ने अशांति को दूर करने के लिए भगवान का अभिषेक किया था। यह क्रिया आत्मसंयम, करुणा और भक्ति की भावना को जागृत करती है, जिससे सच्चे सुख और शांति की प्राप्ति होती है।

## राष्ट्र सर्वोपरि के संगीत से गूंजा महामाई परिसर, देशभक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु

**सिरोंज।** बुधवार की देर शाम महामाई मंदिर परिसर में "राष्ट्र सर्वोपरि, संघ और सनातन संस्कृति" पर आधारित एक भव्य संगीतमयी प्रस्तुति का आयोजन किया गया। जिसने पूरे वातावरण को देशभक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकार मोहित शेवानी एवं उनकी टीम ने संघ के उदय से लेकर उसके 100 वर्ष पूर्ण होने तक के गौरवशाली सफर को गीतों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री महामाई माता, श्री भारत माता, प्रथम सरसंघ संचालक प.पू.डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार,द्वितीय सरसंघ संचालक प.पू. माधव सदाशिवराव



गोलवलकर गुरूजी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात श्री महामाई सेवा समिति द्वारा कलाकारों को उत्तरीय उड़ाकर स्वागत किया गया और संगीतमयी यात्रा का शुभारंभ हुआ। प्रस्तुति में वर्ष 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना से लेकर आज तक के संघर्ष, विस्तार और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान को जीवंत रूप में दर्शाया गया। कलाकारों ने बताया कि कैसे संघ एक वटवृक्ष की भाँति अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए निरंतर सनातन संस्कृति और राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को समाज में सुदृढ़ कर रहा है, और इसके स्वयंसेवक आज भी समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत "चरैवेति-चरैवेति यही तो मंत्र है अपना" जैसे प्रेरणादायक गीत से हुई, जिसने श्रोताओं में ऊर्जा का संचार किया। इसके बाद "चंदन है इस देश की माटी", "जहाँ डाल-डाल पर सोने की चिड़िया", "मेरा रंग दे बसंती चोला", "यह देश है वीर जवानों का उठो जवानों, देश की वसुंधरा पुकारती" एवं वंदेमातरम, जैसे देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं।

## रिलांयस पेट्रोल पंप पर कतारें

# नगर में संचालित पेट्रोल पंपों पर खत्म हुआ डीजल और पेट्रोल दिनभर उपभोक्ता हुए परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

गुरूवार को नगर में संचालित पेट्रोल पम्पो पर डीजल-पेट्रोल खत्म होने से दिन भर उपभोक्ता डीजल-पेट्रोल के लिए परेशान नजर आए। जैसे ही नागरिको को डीजल-पेट्रोल न मिलने की सूचना लगी तो पेट्रोल पंपो पर दो पहिया व चार वाहनो की भारी भीड देखने को मिली।

वाहन चालक अपने वाहनो में डीजल-पेट्रोल डलवाने के लिए घण्टों लंबी कतार में खडें रहे। सिरोंज में यदि देखा जाए तो 8 से 10 पेट्रोल पंप संचालित है। वही गुरूवार को लगभग सभी पेट्रोल पंपो पर डीजल-पेट्रोल खत्म होने की सूचना से दिनभर वाहन चालक अपने वाहनो को लेकर इस पेट्रोल पम्प से उस पेट्रोल पंप तक दौडाते नजर आए। वही जैसे ही नागरिको को पता चला कि रिलांयस पेट्रोल पम्प पर डीजल-पेट्रोल उपलब्ध है तो उपभोक्ता अपने वाहनो में डीजल-पेट्रोल डलवाने के लिए रिलांयस पेट्रोल पंप पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। व ही रिलांयस पेट्रोल पंप संचालक संजय भार्गव ने बताया कि सिरोंज के समस्त पेट्रोल पंपो पर पेट्रोल खत्म होने की जानकारी मुझे भी मिली है। लेकिन रिलायंस पेट्रोल पंप पर पर्याप्त मात्रा में डीजल-पेट्रोल उपलब्ध है आम नागरिक परेशान न हो। वाहन चालक गबडाए न सभी को आसानी से डीजल पेट्रोल उपलब्ध कराया जाएगा। भीड अधिक होने से चलते पुलिस बल भी मौके पर पहुचा और वाहन चालको को व्यवस्थित कर वाहनो में पेट्रोल भरवाया गया।

### भूकंप पूर्व तैयारी पर प्रशिक्षण आयोजित

**विदिशा।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, होमगार्ड व नागरिक सुरक्षा के तत्वावधान में सम्राट अशोक पॉलिटेक्निक कॉलेज के स्मार्ट क्लास कक्ष में भूकंप पूर्व तैयारी, क्षमतावर्धन एवं बचाव विषयक एक दिवसीय जन-जागरूकता प्रशिक्षण आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

# दशहरा मैदान में साहित्य अकादमी के सहयोग से हुआ कवि सम्मेलन

## स्व. कवि गज्जे भैया की स्मृति में हुआ आयोजन

**हास्य व्यंग, और राष्ट्रीयता से परिपूर्ण ओज एवं प्रेम श्रृंगार की रचनाओं से उपस्थित श्रोता होते रहे भाव विभोर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली




दशकों से नगर में कवि सम्मेलन आयोजन की श्रंखला बनी हुई है। तीन दशकों से निराला समिति द्वारा अ.भा. हास्य कवि सम्मेलन का प्रतिवर्ष आयोजन किया जाता है। दशकों पूर्व तक शारदीय एवं गणेशोत्सव के द्वारा कवि सम्मेलनों का आयोजन हुआ करता था। 2 वर्षों से साहित्य अकादमी द्वारा नगर के स्व. कवि पीडी खरे गज्जे भैया की स्मृति में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

25 मार्च बुधवार की रात्रि में दशहरा, हॉकी मैदान पर स्व. कवि प्रभुदयाल खरे की स्मृति में कवि सम्मेलन का साहित्य अकादमी के सहयोग से आयोजन हुआ। कवि सम्मेलन की बागडोर संचालन आमंत्रित कवियों के हाथों में रही।

आकांक्षा द्विवेदी की सरस्वती बंदना से प्रारंभ हुए कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि, अध्यक्ष की प्रतीक्षा बनी रही। हीरामणी वैष्णव कोरवा छत्तीसगढ़, पंकज पंडित, निखिल खरे, संदीप द्विवेदी, डॉ. शंकर सहर्ष के साथ संचालन कर रहे सुमित मिश्रा ओरछा द्वारा अपनी काव्य रचनाओं का पाठ किया गया। हास्य व्यंग, राष्ट्रीयता से परिपूर्ण ओज एवं प्रेम श्रृंगार की रचनाओं से उपस्थित श्रोता भाव विभोर होते रहे।

कवियों एवं श्रोताओं का उत्साह पूर्वक पुष्प वर्षा कर स्वागत स्व. गज्जे भैया के परिवार जनों निखिल खरे स्थानीय संयोजक अखिल खरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, साहित्यक गतिविधियों से जुड़े एवं पत्रकारों का सम्मान किया गया।

# किसानों की समस्याओं को हल करने कांग्रेस ने सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

ब्लॉक कांग्रेस किसान कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों के निराकरण के लिए एसडीएम ऑफिस पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम संतोष मुद्गल को ज्ञापन सोंपा गया। सोंपे ज्ञापन में गेहूं का समर्थन मूल्य चार हजार रुपए कुंटल किए जाने सहकारी संस्थाओं की ऋण वसूली स्थगित कर तिथि बढ़ाई जाने एवं जबरन स्मार्ट मीटर न लगाए जाने की मांग की।

कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने किसानों की मांग और समस्याओं को हल करने कांग्रेस पार्टी के झंडे को हाथों में थाम कर पहुंचे खाद बीज की समय से उपलब्धता करने बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा देने खाद्य वितरण में ई-टोकन प्रणाली बंद करने एवं उनकी खरीद सुनिश्चित करने की मांग के साथ ही पराली जलाने वाले के विरुद्ध



एफआईआर दर्ज करने एवं अन्यो को परेशान न करने की मांग रखी।

### इनकी रही उपस्थिति

मुख्यमंत्री डॉ यादव के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपते समय जिला संयोजक रानू रघुवंशी, किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष शरद उपाध्याय, कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष कौशलेंद्र चौधरी, नगर अध्यक्ष नीलेश शर्मा, चौधरी भूपेंद्र सिंह, आलोक रघुवंशी, इदरीश हयात ,अफजल अली, उवैस खान, नियामत मंसूरी, राजेश राजपूत, प्रियांशु पलिया, राम रघुवंशी ,अजय राजपूत, राजीव ठाकुर सहित अन्यो की उपस्थिति रही।

## निकलेगी श्रीराम दरबार की शोभायात्रा

# श्रीराम जन्मोत्सव पर आज छींद धाम एवं हनुमान गढ़ी मंदिरों में होगें कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

आज भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाने नगर के मंदिरों में विशेष कार्यक्रमों की तैयारियां की गई है। छींद धाम के श्री हनुमान श्रीराम दरबार मंदिर एवं नगर के हनुमान गढ़ी प्राचीन मंदिर में प्रातः से कार्यक्रमों की श्रंखला बनी रहेगी।

श्रीराम नवमी को लेकर सनातनी हिन्दू परिवारों में भारी उत्साह बना हुआ है। श्रीराम दरबार की भव्य झांकी के साथ श्रीरामलीला मैदान स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होगी नगर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण के बाद राम लीला मैदान में समापन होगा। पिछले आठ दिनों से नगर के देवी दुर्गा मंदिरों में मातारानी को जल चढ़ाने, दर्शन, पूजन, आरती में देवी भकतों की भीड़ उमड़ती रही। देवी भक्तों द्वारा अपनी श्रद्धा मान्यता के अनुसार सप्तमी, अष्टमी और आज नवमी पर मातारानी की पूजन करने के साथ हलुआ-पुरी, खीर-पुरी का का विशेष भोग चढ़ाया जाता रहा।

श्रीरामनवमी पर हनुमान मंदिर, छींद धाम, हनुमान गढ़ी मंदिर, बड़ा बाजार स्थित श्रीराम दरबार मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव पर सुबह से विभिन्न कार्यक्रमों होंगे। श्री हनुमान गढ़ी मंदिर और छींद धाम मंदिरों में दर्शन करने प्रसाद चढ़ाने की विशेष व्यवस्थाएं की गई है। प्रतिदिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आना-जाना बना रहता है।

### पेट्रोल पंपों का निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश के तत्काल पश्चात समस्त राजस्व अधिकारी एवं जिला आपूर्ति

**न्यायालय तहसीलादार (नगरीय) तहसील विदिशा म.प्र.**

**प्रकरण क्रमांक 44/अ-27/2025-26**
**दिनांक 18/03/2026**

**(उद्घोषणा)**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है आवेदकगण आवेदकगण श्रीमति रंजीत कौर पत्नि कुलवेन्द्र एवं श्रीमति हरिंदर कौर पत्नि राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम अटारी खेजडा जिला विदिशा द्वारा आवेदन पेश कर ग्राम डाबर पटवारी हल्का नं 08 तहसील व जिला विदिशा स्थित भूमि सर्वे नं 18/1/1 जिसका नया नंबर 18/1/7 रकबा 13.10 हे. है। आवेदकगण द्वारा अपने हिस्से के मान से बटवारा कराये जाने हेतु म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। अतः इस संबंध में ऐसे सभी व्यक्तियों को जो उक्त खाते में हित रखते हो, सूचित किया जाता है कि वे या तो स्वयं अथवा अपने अभिभषक के माध्यम से नियत दिनांक 30/03/2026 को उपस्थित हों ओर अपनी आपत्तियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपात्ति /दावा पर विचार नही किया जावेगा।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील विदिशा**

## बकायादारों को वसूली के लिए राजस्व विभाग से नोटिस

# खरीफ एवं कालातीत ऋण वसूली के लिए सहकारी संस्थाएं सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

31 मार्च से पूर्व सहकारी संस्थाओं में ऋण राशि वसूली के लिए विशेष अभियान चल रहा है। सहकारी संस्थाओं के प्रशासक, प्रबंधक और कर्मचारी सहित सहकारी बैंकों के शाखा प्रबंधक खरीफ सीजन के साथ कालातीत ऋण राशि वसूलने सक्रिय बने नजर आ रहे है। पिछले दिनों सहकारी संस्थाओं के बड़े 300 बकायादारों को राजस्व वसूली, में तहसीलदार द्वारा नोटिस भी जारी किए गए है। 31 मार्च से पूर्व अधिकाधिक ऋण राशि वसूलने पर जोर दिया जा रहा है।

बरेली सहकारी बैंक शाखा से क्षेत्र की लगभग एक दर्जन सहकारी संस्थाओं के माध्यम से हजारों किसान जुड़े हुए है। जिन्हें सहकारी संस्थाओं के माध्यम से कृषि ऋण, खाद, बीज, केसीसी के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है। कुछ सहकारी संस्थाओं में पिछले वर्षों में जमकर फर्जीवाड़े गवन के मामले में सहकारी संस्थाओं के करोड़ो की राशि के मामलों में थाने में प्रकरण भी दर्ज हुए।

## बरेली व चैनपुर सहकारी संस्था में प्रबंधक के लिए खींचातान



### करोड़ों की राशि बकाया

सहकारी संस्थाओं से ऋण लेने के बाद जमा न करने में फर्जीवाड़े और ऋण माफी योजना से अधिकांश सहकारी संस्थाओं द्वारा दी गई ऋण राशि उलझ गई। करोड़ों रूपयों की कालातीत ऋण राशि वसूलना टेड़ी खीर बना हुआ है। जिसमें सहकारी संस्थाओं की कार्यप्रणाली ऋणराशि की कागजों में वसूली और पुनः ऋण देने की प्रक्रिया की खामियां मानी जा रही है। कुछ सहकारी संस्थाओं द्वारा सीजन पर किसानों को विभिन्न प्रकार की खाद का नगदी और ऋण के रूप में वितरण के साथ उचित मूल्य सामग्री का वितरण समर्थन मूल्य पर गेंहू, धान, मूंग, चना की खरीद ही मुख्य कार्य हो जाने से सहकारी संस्थाएं अपने मूल उद्देश्य सहकारिता के माध्यम से किसानों की सेवा उन्नति के प्रयास से भटकती नजर आ रही है। ऋणों की वसूली न होने से सहकारी संस्थाएं ओवरडियू स्थिति में बनी हुई है।

### प्रबंधक की खीचातान

सहकारी संस्था बरेली और चैनपुर में संस्था प्रबंधक का पद खीचातान में उलझा हुआ है। बरेली संस्था प्रबंधक दिसम्बर 25 में सेवा निवृत हो जाने के बाद बीमार है। और संस्था प्रबंधक कौन है इस पर सस्पेंश बना नजर आ रहा है। बाड़ी, चैनपुर संस्था के प्रबंधक का मामला न्यायालीन प्रक्रिया में उलझा हुआ है। बागपिपरिया संस्था में लाखों का कालातीत और खरीफ ऋण व्यापक चर्चाओं का विषय बना हुआ है।

**अध्यक्ष/ सचिव चांद तारा अजीविका संकुल स्तरीय संगठन ग्राम देवखजूरी**

चाँदतारा आजीविका संकुल स्तरीय संगठन ग्राम कागपुर पंचायत कागपुर में स्थित दाल/मसाला प्रसंस्करण इकाई में निम्नलिखित कार्यों हेतू पूर्णतः अस्थायी कर्मियों की भर्ती की जाना अतः उक्त परियोजनान्तर्गत निम्नलिखित पद एवं योग्यता के आधार पर रिक्तियों हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाने है-

| क्र. | पद का नाम | पद संख्या | अनिवार्य योग्यता | बांछित योग्यता | कार्य का अनुभवन | वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य परिचालन अधिकारी | 1 | स्नातक | कम्प्यूटर संचालन का मूल उम्मीदवार पंजीकृत स्वयं सहायता समूह (SHG) की सदस्य होनी चाहिए। या SHG सदस्य के परिवार से संबंधित (जैसे बेटी या बहू) होनी चाहिए | ग्रामीण विपणन, परियोजना प्रबंधक, ब्रिकी और उत्पादन योजना में 1-2 वर्ष का कार्य अनुभव | न्यूनतम 7000-अधिकतम 9000+यात्रा भत्ता एवं कार्यकुशलता एवं प्रदर्शन के आधार पर 5 से 10 प्रतिशत वृध्दि |
| 2. | एमआईएस मैनेजर | 1 | बी. कॉम/ स्नातक/ पीजीडी सीए | ग्रामीण विपणन, परियोजना प्रबंधन, बिक्री और उत्पादन योजना में 1-2 वर्ष का कार्य अनुभव उम्मीदवार पंजीकृत स्वयं सहायता समूह (SHG) की सदस्य होनी चाहिए। या SHG सदस्य के परिवार से संबंधित (जैसे बेटी या बहू) होनी चाहिए | डेटा एंट्री एवं लेखापाल में 02 वर्ष का अनुभव कम्प्यूटर का मूल ज्ञान | न्यूनतम 7000-अधिकतम 9000+यात्रा भत्ता एवं कार्यकुशलता एवं प्रदर्शन के आधार पर 5 से 10 प्रतिशत वृध्दि |
| 3. | प्रोसेसिंग मैनेजर | 1 | 12 वीं कम्प्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक | उम्मीदवार पंजीकृत स्वयं सहायता समूह (SHG) की सदस्य होनी चाहिए। या SHG सदस्य के परिवार से संबंधित (जैसे बेटी या बहू) होनी चाहिए | किसी भी प्रकार के प्रसंस्क्ररण इकाई में उत्पादन | न्यूनतम 7000-अधिकतम 9000+यात्रा भत्ता एवं कार्यकुशलता एवं प्रदर्शन के आधार पर 5 से 10 प्रतिशत वृध्दि |
| 4. | मार्केटिंग मैनेजर | 1 | 12 वीं कम्प्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक | उम्मीदवार पंजीकृत स्वयं सहायता समूह (SHG) की सदस्य होनी चाहिए। या SHG सदस्य के परिवार से संबंधित (जैसे बेटी या बहू) होनी चाहिए | ग्रामीण विपणन ब्रिकी और उत्पादन योजना | न्यूनतम 7000-अधिकतम 9000+यात्रा भत्ता एवं कार्यकुशलता एवं प्रदर्शन के आधार पर 5 से 10 प्रतिशत वृध्दि |

उक्त पदों की पूर्ति हेतु योग्य आवेदक अपने आवेदन मय आवश्यक दस्तावेजोः पासपोर्ट साईज फोटो, शैक्षणिक योग्यता, आधारकार्ड, पैन कार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र इत्यादि संलग्न करे ।

**महत्वपूर्ण तिथि** :-

1. आवेदन प्रारम्भ तिथि 25.03.2026
2. आवेदन जमा की अंतिम तिथि 01.04.2026
3. शार्ट लिस्ट एवं स्क्रूटनी 04.04.2026
4. अभ्यार्थी की परिक्षा एवं साक्षात्कार 07.04.2026

सम्पर्क सूत्रः-क्राती प्रजापति 8269462336

आवेदन जमा करने का स्थान-चाँदतारा आजीविका संकुल स्तरीय संगठन ग्राम देवखजूरी, विकासखण्ड विदिशा, जिला विदिशा ।

**अध्यक्ष/ सचिव**
**चांद तारा अजीविका संकुल स्तरीय संगठन ग्राम देवखजूरी**

### तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के कृषि मेले का रायसेन में होगा भव्य आयोजन

# राष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक कृषि मेले में आकर बताएंगे किसानों को आधुनिक खेती के तरीके


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

आगामी 11 से 13 अप्रैल तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का कृषि मेला सह प्रदर्शनी और प्रशिक्षण कार्यक्रम भव्य आयोजन शहर के दशहरा मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के कृषि वैज्ञानिक आकर जिले के किसानों को आधुनिक तकनीक से खेती एवं खेती को लाभ का धंधा बनाने की तकनीक बताएंगे।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार को केंद्रीय कृषि मंत्री एवं सांसद शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन पहुंचकर आयोजन स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल का भूमिपूजन किया और जिला प्रशासन को आयोजन को भव्य, सुव्यवस्थित और किसान हितैषी बनाने के निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने दशहरा मैदान में पंडाल, प्रदर्शनी स्थल, किसानों के बैठने की व्यवस्था, कृषि यंत्रों के प्रदर्शन, प्रशिक्षण सत्रों और पार्किंग व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन से बिंदुवार चर्चा की।

इसके बाद केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। बैठक में उन्होंने कहा कि यह कृषि महोत्सव केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं। बल्कि किसानों को आधुनिक खेती, नई तकनीक, उन्नत बीज, कृषि यंत्र, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती और सरकारी योजनाओं से जोड़ने का एक बड़ा मंच होगा। उन्होंने कहा कि किसान आज बदलती तकनीक के साथ आगे बढ़ रहा है और सरकार का प्रयास है कि उसे हर स्तर पर बेहतर मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध हों।

### शिवराज सिंह ने मेला स्थल का किया भूमिपूजन, तैयारियों का लिया जायजा



### यह मेला जैविक खेती और योजनाओं से जोड़ने का एक बड़ा मंच होगा साबित



### खेती को बनाएंगे फायदे का धंधाः शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि खेती को फायदे का धंधा बनाना केंद्र और प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए किसानों को नई तकनीक, प्रशिक्षण और बाजार से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कृषि मेले में जिले ही नहीं, आसपास के क्षेत्रों के किसानों की भी अधिक से अधिक भागीदारी हो सके। ताकि यह आयोजन वास्तव में कृषि उन्नति का महोत्सव बन सके। उन्होंने कहा कि इस मेले की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि किसान यहां केवल जानकारी ही नहीं लेंगे। बल्कि कृषि वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों और तकनीकी अधिकारियों से सीधे संवाद भी कर सकेंगे।

#### कृषि को नई दिशा देने का बड़ा प्रयास


निरीक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह कृषि मेला केवल एक आयोजन नहीं। बल्कि कृषि को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि मेले की सभी तैयारियां समय सीमा में और व्यवस्थित रूप से पूरी हों। साथ ही किसानों तक मेले के उद्देश्य, उपयोगिता और कार्यक्रम की जानकारी व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से पहुंचाई जाए। ताकि अधिक से अधिक किसान इसमें शामिल होकर लाभ ले सकें। उन्होंने बताया कि मेले में किसानों की रुचि और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उद्यानिकी, प्राकृतिक खेती, इंटीग्रेटेड फार्मिंग, पॉली हाउस, नेट हाउस, आधुनिक सिंचाई पद्धति, पशुपालन और कृषि यंत्रीकरण जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न कंपनियों और विभागों द्वारा लगाए जाने वाले स्टॉलों पर उन्नत कृषि यंत्रों, बीजों, उर्वरकों, जैविक विकल्पों और आधुनिक खेती के मॉडल भी प्रदर्शित किए जाएंगे। किसानों को यह भी बताया जाएगा कि कौन-सी तकनीक कम लागत में अधिक उत्पादन देने में सहायक हो सकती है।

#### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार, कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना, विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, जिपं अध्यक्ष यशवंत मीणा, केंद्रीय सचिव संजय अग्रवाल, प्रमुख सचिव निशांत बरबड़े, केंद्रीय निदेशक अविनाश लवानिया, मंडी बोर्ड के एमडी कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, एसपी आशुतोष गुप्ता और जिपं सीईओ कमल सोलंकी, एसडीएम मनीष शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

#### मेले में लगेंगे 200 से अधिक स्टॉल

राष्ट्रीय स्तर के कृषि मेला और प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश ही नहीं, देश के अन्य राज्यों से भी प्रगतिशील किसान, कृषि वैज्ञानिक, कृषि उपकरण बनाने वाली कंपनियों सहित कृषि क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहीं निजी कंपनियां भी यहां आएगीं। मेले में लगभग 200 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां किसानों को जानकारी दी जाएगी और सजीव प्रदर्शन भी होगा। किसानों को आय बढ़ाने के लिए परंपरागत खेती के अलावा फलों की खेती, फूलों की खेती, सब्जी की खेती, प्राकृतिक खेती, पशुपालन, बकरी पालन, मधुमक्खी पालन आदि अपनाना होगा। मेले में उन्नत बीजों की जानकारी, कृषि पद्धति, रोगों की पहचान और उपचार, नकली उर्वरक या कीटनाशकों की पहचान, फसल कटने के बाद उसे सुरक्षित रखने, उपज का मूल्य कैसे बढ़ाएं, कच्चे माल की प्रोसेसिंग आदि इस प्रकार बीज से लेकर बाजार तक की जानकारी किसानों को दी जाएगी और तकनीकों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।



### पुलिस ने ट्रक जब्त कर कार्रवाई की शुरू

# ट्रक ने सामने से कार में मारी टक्कर, कार के उड़े परखच्चे

#### भोपाल-विदिशा हाइवे की घटना, बाल बाल बचे कार सवार युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

हाइवे 18 पर एक बार फिर तेज रफ्तार ट्रक का कहर देखने को मिला। घटना देर रात बेरखेड़ी चौराहे के पास की है, जिसमें गेंहू से भरे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। गनीमत रही कि कार में सवार 3 युवकों को कोई चोट नहीं आई। दुर्घटना में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी कार ड्रायवर भरत खटीक पिता राजेंद्र खटीक 28 वर्ष निवासी गढ़ाकोटा जिला सागर ने बताया कि वह भोपाल से गढ़ाकोटा जा रहे थे। कार एमपी 11 सीसी 6414 में मयंक पटेल और सुरेंद्र सेन पीछे बैठे थे। रास्ते में बेरखेड़ी चौराहे के पास विदिशा की ओर से आ रहा ट्रक एमपी 09 एचएच 8147 के ड्रायवर ने टक्कर मार दी। जिससे कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गया।

पुलिस ने ट्रक ज़ब्त कर ड्रायवर रंछोड़ चौहान विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



#### विदिशा से गेंहू भरकर ले जा रहा था इंदौर

◆ ट्रक ड्राइवर रंछोड़ चौहान ने बताया कि वह विदिशा से ट्रक में गेंहू भरकर अरमानिया कंपनी इंदौर ले जा रहा था। रास्ते में भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 के बेरखेड़ी चौराहे के आगे एक कार से टक्कर हो गई। दुर्घटना में दोनों ही वाहन चालको को किसी भी तरह को कोई चोट वगेरह नही आईं हैं।

#### इनका कहना है

बीती देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। जिससे कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार चालक की रिपोर्ट पर ट्रक ड्रायवर पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

- दिनेश सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी सलामतपुर।

## गणेश शंकर विद्यार्थी की पुण्यतिथि पर हुई गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

अमर शहीद एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी की पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार रात्रि नगर के आरडीएसएस परिसर में वर्तमान समय में पत्रकारिता की भूमिका विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया।

कार्यक्रम का आयोजन आंचलिक पत्रकार संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष राधवेंद्र कुमार जैन ष्मस्ताना, द्वारा किया गया, जो वर्ष 1983 से निरंतर इस परंपरा को निभाते आ रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान नेता बाल मुकुंद रघुवंशी (बाबूजी) ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में आरडीएसएस संस्था के सचिव फॉदर जॉन मंचासीन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए पत्रकारिता के बदलते स्वरूप और उसकी जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में गणेश शंकर विद्यार्थी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जी ने अपनी निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता से समाज में सत्य और न्याय की स्थापना का कार्य किया।

## शार्ट सर्किट को हल्के में न लें, तुरंत ठीक करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आमजन को आगाह किया है कि घर अथवा संस्थान में कहीं भी शार्ट सर्किट हो रहा है तो उसे हल्के में न लें, बल्कि तुरंत इलेक्ट्रिशियन को बुलाकर ठीक करवाएं। ऐसे में जरा सी असावधानी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसके लिए आमजनों को भी करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करना आवश्यक है।

कंपनी ने कहा है कि यदि घरों में अर्थिंग नहीं है तो वायरिंग के पहले अर्थिंग जरूर दें। इसके साथ ही घटिया या सस्ती वायरिंग की बजाय मानक स्तर की वायरिंग करवाएं, जिससे शार्ट सर्किट से होने वाली हानियों से बचा जा सके। एक अनुमान के मुताबिक ज्यादातर शार्ट सर्किट की घटनाएं या तो घटिया वायरिंग के कारण होती हैं, या फिर ज्यादा समय से पुरानी वायरिंग होने के चलते शार्ट सर्किट की घटनाएं होती हैं। इसलिए जरा सी लापरवाही महंगी पड़ सकती है। बिजली कंपनी आपको पुरानी वायरिंग की जगह मानक स्तर की नई वायरिंग करवाने की सलाह देती है, ताकि शार्ट सर्किट की घटनाओं से बचा जा सके। यदि विद्युत लाइनों से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत हों तो तत्काल कॉल सेंटर के टोल फ्री नं. 1912 पर, उपाय ऐप एवं समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय में अवश्य दें।

मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि घरेलू विद्युत उपकरणों, वायरिंग, स्विच इत्यादि को स्वयं सुधारने के बजाय किसी प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन की सेवाएं लें। बिजली के स्विच, सॉकिट, बिजली उपकरण बच्चों की पहुंच से दूर रखें।

### खबर संक्षेप

#### 19 को होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

**रायसेन।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में जिले में अक्षय तृतीय 19 अप्रैल को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालय रायसेन में आयोजित होने वाले इस सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु आयोजक नगर पालिका रायसेन तथा नोडल अधिकारी उप संचालक सामाजिक न्याय मनोज बाथम रहेंगे। सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले वर-वधु द्वारा आवेदन फार्म शासन द्वारा निर्धारित पात्रता मापदण्ड शर्तो के अधीन दिनांक 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय रायसेन में जमा किए जा सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रायसेन अनुराग भदौरिया के मो.न. 9131805671 पर या सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय रायसेन में सम्पर्क किया जा सकता है।

#### कांग्रेस ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सिलवानी।** क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं और मांगों के निराकरण को लेकर किसान कांग्रेस ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) सिलवानी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से किसानों की आर्थिक स्थिति, प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान और बाजार से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। किसान कांग्रेस ब्लॉक इकाई सिलवानी द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान समय में किसान कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना कर रहा है। गांव से लेकर पूरे प्रदेश का किसान आर्थिक संकट से जूझ रहा है। खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है, जबकि उत्पादन का उचित मूल्य नहीं मिल पाने से आय में कमी आ रही है।

### भगवान श्रीराम की 12 फिट ऊंची प्रतिमा रहेगी आकर्षण का केंद्र

## भगवा पताकाओं से सज गया शहर, आज निकलेगी भगवान श्रीराम की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भगवान श्रीराम का प्रकटोत्सव श्रीराम नवमीं का पर्व जिले के साथ ही शहर में बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। आज शुक्रवार को नगर में भगवान श्रीराम की विशाल शोभायात्रा निकलेगी, जो कि नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई श्रीरामलीला मैदान में संपन्न होगी। कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली गईं है।

श्रीरामनवमी चल समारोह समिति के सदस्यों ने बताया कि शोभायात्रा का शुभारंभ शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल दादाजी सिद्ध हनुमान मंदिर, गंजबाजार से किया जाएगा। गाजे-बाजे, ढोल-ताशों और भक्ति गीतों के साथ यात्रा निकलेगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। रास्तेभर विभिन्न स्थानों पर स्वागत मंच लगाए जा रहे हैं, जहां पुष्प वर्षा और जलपान की व्यवस्था की जा रही है।

शहर के प्रमुख मार्गों पर भगवा ध्वज, तोरण द्वार और आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी सतर्क है। शोभायात्रा में 12 फीट ऊंची प्रभु श्रीराम की भव्य प्रतिमा सजाई जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगी। इसके साथ ही वीर बजरंग बली और छत्रपति वीर शिवाजी की आकर्षक प्रतिमाएं भी शोभायात्रा में शामिल होंगी, जो धार्मिक और सांस्कृतिक एकता का संदेश देंगी।



### कलेक्टर-एसडीएम ने किया स्थल निरीक्षण, किसानों को मिलेगी राहत

## डबरा-इमलिया में बनेगी नई कृषि उपज मंडी, 25 एकड़ भूमि चिंहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर की मौजूदा कृषि उपज मंडी में लगातार बढ़ती भीड़, जगह की कमी और अव्यवस्थाओं से परेशान किसानों के लिए राहत भरी खबर है। जिला प्रशासन अब कृषि उपज मंडी को डबरा-इमलिया गांव में शिफ्ट करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए करीब 25 एकड़ भूमि भी चिन्हित कर ली गई है।

बुधवार को कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा और एसडीएम मनीष शर्मा ने संबंधित अधिकारियों के साथ प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर भूमि की स्थिति, पहुंच मार्ग, ट्रैक्टर-ट्रॉली और बड़े वाहनों की आवाजाही, पार्किंग, नीलामी स्थल, तौल कांटा, धर्मकांटा, गोदाम, नीलामी शेड, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की संभावनाओं का परीक्षण किया।

बताया जा रहा है कि शहर के बीचोंबीच स्थित वर्तमान कृषि उपज मंडी में खरीफ और रबी सीजन के दौरान किसानों की भारी भीड़ उमड़ती है। मंडी परिसर छोटा पड़ने से दहशरा मैदान में नीलामी करना पड़ती है। वहीं ट्रैक्टर ट्रॉली और ट्रकों की लंबी कतारें लगने से जाम जैसी स्थिति बन जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन लंबे समय से मंडी के लिए बड़े और व्यवस्थित स्थान की तलाश कर रहा था। इससे पहले पग्नेश्वर और महू पथरई के समीप भी प्रशासन जमीन देख चुका हैं।

ज्ञात हो कि डबरा इमलिया का चयन इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह क्षेत्र परिवहन की दृष्टि से उपयुक्त है। नई गल्ला मंडी बनने से न केवल किसानों को बेहतर प्लेटफॉर्म मिलेगा, बल्कि कृषि उपज की खरीदी-बिक्री प्रक्रिया भी अधिक सुव्यवस्थित हो सकेगी। इससे अनाज व्यापारियों और मंडी कर्मचारियों को भी कार्य संचालन में आसानी होगी।

सूत्रों के अनुसार, भूमि से जुड़ी औपचारिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद अनाज मंडी के निर्माण और शिफ्टिंग की कार्य योजना तैयार की जाएगी। इसमें चरणबद्ध तरीके से अधोसंरचना विकसित की जाएगी।

#### नई मंडी में किसानों और व्यापारियों के लिए रहेंगी व्यवस्थाएं

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यह भी देखा कि नई मंडी स्थल पर किसानों, व्यापारियों और हम्मालों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और भविष्य में मंडी के विस्तार की भी पर्याप्त संभावना बनी रहे।



**फोटो।** प्रस्तावित कृषि उपज मंडी स्थल का निरीक्षण करते कलेक्टर-एसडीएम।

### वार्ड-15 में सड़क निर्माण जारी, जनप्रतिनिधियों के सख्त निर्देश

## सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण, गुणवत्ता पर रहेगा विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर परिषद द्वारा नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहर में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से कराया जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 15 स्थित माँ शारदा कॉलेज रोड पर सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसका गुरुवार को नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक एवं पार्षद प्रदीप कुशवाहा द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों और तकनीकी मानकों के अनुरूप ही किया जाए, ताकि आम नागरिकों को लंबे समय तक बेहतर और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।



उन्होंने यह भी कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना ही नहीं, बल्कि टिकाऊ और मजबूत अधो संरचना विकसित करना है। विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान वार्ड के नागरिक भी मौके पर उपस्थित रहे। उन्होंने सड़क निर्माण से जुड़ी अपनी समस्याएं और सुझाव जन प्रतिनिधियों के समक्ष रखे। नागरिकों ने क्षेत्र में लंबे समय से बेहतर सड़क की आवश्यकता जताई थी, जिस पर अब कार्य प्रारंभ होने से उन्होंने संतोष व्यक्त किया। जन प्रतिनिधियों ने भी वार्डवासियों को आश्वस्त किया कि सड़क निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और मजबूती के साथ कराया जाएगा।

#### कायाकल्प 2.0 योजना में एक करोड़ से कराए जा विकास कार्य

नायक ने बताया कि नगर परिषद द्वारा सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सड़क, नाली, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जानकारी के अनुसार नगर में कायाकल्प 2.0 योजना के अंतर्गत लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी योजना के तहत वार्ड क्रमांक 15 में सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत किया है, जो शीघ्र पूर्ण किया जाएगा।

## श्रीरामनवमीं पर मां हिंगलाज दरबार में विशाल भंडारा आज

#### भंडारा कार्यक्रम में सभी नगर वासियों का किया आमंत्रित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर श्रीराम नवमीं पर शक्तिपीठ मां हिंगलाज माता मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। नगर हिंदू उत्सव समिति एवं भाजपा बाड़ी मंडल के तत्वाधान में आयोजित भंडारे में समस्त नगरवासियों को आमंत्रित किया गया है।

इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता जोधा सिंह अटवाल, हिउस अध्यक्ष जस्सी अटवाल, एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष सपरिवार माता जी की पूजा अर्चना करेंगे। तत्पश्चात भंडारा प्रारंभ होगा। भंडारे के अलावा माता के दरबार में प्रसाद वितरण का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा। भंडारे में सेवा कार्य में संलग्न सदस्य प्रेरणा से इस धार्मिक आयोजन में पूरी श्रद्धा से जुटे हुए हैं घर घर जाकर आमंत्रण दिया जा रहे है।